कैसे तेरा दर्शन पाउ बंद पड़े सब द्वार

कैसे तेरा दर्शन पाउ बंद पड़े सब द्वार,
दैत्य रूपी महामारी का बिछा हुआ है जाल,
श्याम जरा बाहर आओ दर्श नैनो को दिखाओ.....

बहुत दिनों से तरसे मोहन भक्त तुम्हारे,
छवि ना देखी तेरी बरसे मोहन नैन हमारे,
हाल कहे हम किसको कान्हा जीना हुआ बेहाल,
श्याम जरा बाहर आओ दर्श नैनो को दिखाओ.....

क्या भूल हुई है हमसे जो रूठे नाथ हमारे,
रास्ता तकते तेरा थक गए मोहन नैन हमारे,
बाट निहारे अब तो आजा झलक दिखा एक बार,
श्याम जरा बाहर आओ दर्श नैनो को दिखाओ......

हार गए जो हम तो बिगड़ेगा नाम तुम्हारा,
हसेगा तुमपे जमाना कहाँ है अब श्याम तुम्हारा,
अगर हो तुम हारे के सहारे आके बढ़ाओ मान,
श्याम जरा बाहर आओ दर्श नैनो को दिखाओ.....

अब और नहीं तरसाओ अब ना हमको तड़पाओ,
बहुत दिनों के बिछड़े इस दिल की सुनते जाओ,
करो कृपा अब हमपर भगवन ना बाजी जाऊ हार,
श्याम जरा बाहर आओ दर्श नैनो को दिखाओ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27312/title/kaise-tera-darshan-paau-band-pade-sab-dwar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |